P-2

# न्यायालय कलेक्टर जिला, बुरहानपुर

क्रमांक /रीडर कले0/2016/ **आदेश** राजस्व प्रकरण क्रमांक 16अ/59, 15–16

बुरहानपुर, दिनांक 29–6–2016

आंयुक्त कमांड क्षेत्र विकास , जल संसाधन विभाग, भोपाल व्दारा पत्र क्रमांक 2290. /वनकक्ष/काडा/2014 भोपाल दिनांक 13–11–2014 व्दारा अनुरोध किया गया कि बुरहानपुर जिले में भावसा मध्यम सिंचाई परियोजना में लगभग 276.80 हैक्टेयर वन भूमि प्रभावित हो रही है जिसके समतुल्य गैर वनभूमि वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु आवश्यक है । कलेक्टर कटनी व्दारा कटनी जिले में उपलब्ध लेंड बैंक से 68.80 हैक्टेयर राजस्व भूमि इस परियोजना हेतु आरक्षित की गई है । 207.16 हैक्टेयर शेष भूमि की आवश्यकता है । अतः शेष भूमि बुरहानपुर जिले से उपलब्ध कराई जावें ।

2. प्रकरण दर्ज किया गया । प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी, बुरहानपुर से जांच कर प्रतिवेदन प्राप्त किया गया । हस्तांतरित की जाने वाली भूमि के संबंध में राजस्व एवं वन विभाग के संयुक्त दल का गठन किया गया । जिसके अनुसार जिला बुरहानपुर के **ग्राम मोहद** के कुल खाते की भूमि रकबा 1314.79 हैक्टेयर है । चरनोई का रकबा 300.83 हैक्टेयर है । चरनोई का रकबा 2 प्रतिशत के मान से 26.29 हैक्टेयर सुरक्षित रखने पर 274.54 हैक्टेयर भूमि शेष रहती है ।

**ग्राम चांदगढ़** के कुल खाते की भूमि रकबा 587.59 हैक्टेयर है । चरनोई का रकबा 117.79 हैक्टेयर है तथा चरनोई का 02 प्रतिशत रकबा 11.75 हैक्टेयर सुरक्षित रखने पर ग्राम **चांदगढ़ की शेष भूमि 106.04 हैक्टेयर** रहती है ।

ग्राम ईच्छापुर के कुल खाते की भूमि का रकबा 3610.897 हैक्टेयर है तथा चरनोई का रकबा 1262.240 हैक्टेयर है । चरनोई का 2 प्रतिशत रकबा 36.10 हैक्टेयर सुरक्षित रखने पर 1262.240 हैक्टेयर भूमि शेष रहती है ।

3. अनुविभागीय अधिकारी व्दारा उपरोक्त ग्रामों में चरनोई भूमि का 2 प्रतिशत रकबा सुरक्षित रखते हुए मांग की गई 208.77 हैक्टेयर भूमि वन विभाग को वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु हस्तांतरित किये जाने की अनुशंसा की गई है ।

4. प्रकरण में विधिवत विज्ञप्ति का प्रकाशन किया गया है । समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है । मेरे व्दारा प्रकरण में संलग्न अभिलेखों, जांच प्रतिवेदन का विस्तृत रूप से अवलोकन किया गया । अधिनस्थ न्यायालयों के जांच प्रतिवेदनों से सहमत होते हुए बुरहानपुर जिले के **ग्राम मोहद** के 28 खसरा नंबरों की कुल भूमि 95.88 हैक्टेयर तथा **ग्राम चांदगढ** के 11 खसरा नंबरों की कुल भूमि 44.85 हैक्टेयर एवं **ग्राम ईच्छापुर** के 08 खसरा नंबरों की 68.04 हैक्टेयर इस प्रकार कुल 208.77 हैक्टेयर भूमि वन विभाग को हस्तांतरित की जाती है ।

कलेक्टर
जिला– बुरहानपुर

पृ0क्रमांक /रीडर कले0/2016/ बुरहानपुर, दिनांक 29–6–2016

प्रतिलिपि

1. आयुक्त कमाण्ड क्षेत्र विकास जल संसाधन विभाग, भोपाल ।
2. वनमंडलाधिकारी (सामान्य) वनमंडल, बुरहानपुर की ओर सूचनार्थ ।
3. अनुविभागीय अधिकारी, बुरहानपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
4. तहसीलदार, बुरहानपुर की ओर सूचनार्थ एवं रिकार्ड संशोधन कर पालन प्रतिवेदन देवें ।
5. कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग, बुरहानपुर की ओर सूचनार्थ ।
6. अधीक्षक, भू अभिलेख बुरहानपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

कलेक्टर
जिला– बुरहानपुर

कार्यपालन यंत्री
क्र. 1508
दि.
जल संसाधन संभाग, बुरहानपुर